हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 17 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 17 .0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

10 400 मीटर दौड़ में प्रियंका प्रथम रीना द्वितीय...



10 दाड़न खाप चबतूरे पर 58 लाख से बनेगा मीटिंग हॉल



## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव कैरखेड़ी के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। सदर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव कैरखेड़ी बस अड्डे के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, केस

**कैथल।** सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। कलायत थाना पुलिस को दी शिकायत में पिंजूपुरा निवासी अजय ने बताया कि उसके भाई का नाम साहिल है। वह 14 जनवरी को समय सात बजे अपनी दुकान से घर आ रहा था। तो उस समय बस स्टैंड से थोड़ी आगे पीर के सामने सफेद रंग की स्कार्पियो गाड़ी तेज गति से कलायत के तरफ से आ रही थी।

### आज दो घंटे बंद रहेगा सेक्टर 8 पॉवर हाउस

**जींद।** शनिवार को सेक्टर 8 का 33केवी पावर हाउस की बिजली सप्लाई दो घंटे बंद रहेगी। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता मदनलाल सुखीजा ने बताया कि 17 को दो से चार बजे तक 33केवी मुख्य आइसोलेटर पर सभी 33केवी और 11 केवी उपकरणों के सामान्य रखरखाव के लिए नियोजित शटडाउन लिया जाएगा।

### जेब से 25 हजार रुपये की नकदी निकाली

**कैथल।** कैथल के बस स्टैंड से एक युवक 25 हजार रुपये निकाल लिए। गांव बालू के जोगेंद्र ने बताया कि तीन जनवरी को उसकी भतीजी का दिल्ली पुलिस का पेपर था। उसको छोड़ने के लिए बस अड्डा कैथल आया था। सवा 12 बजे उसकी भतीजी को कैथल से कुरुक्षेत्र जाने वाली बस में बिठाने लगा। उसके लोवर की जेब में 25 हजार रुपये थे।

### जानलेवा हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सीआरएसयू छात्रों पर स्कोर्पियो से टक्कर मार जानलेवा हमला के आरोपित को सिविल लाइन थाना ने दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी पूजा ने बताया कि गत 17 नवंबर को मनोहरपुर निवासी प्रवेश की सीआरएसयू में डिफेंस कालोनी निवासी कार्तिकेय से कहासुनी हो गई थी।

### गांव भागल में महिला के साथ मारपीट, केस

**कैथल।** गांव भागल में महिला के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने चीका थाना में तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस को दी शिकायत में महिला के पति ने बताया कि नौ जनवरी को आरोपी गांव भागल निवासी कर्म सिंह, कर्म सिंह की पत्नी व अमन ने उसके पत्नी के साथ मारपीट की है। मारपीट में उसकी पत्नी को काफी चोटें लगी है।

### सट्टा खाईवाल करते एक दबोचा, नकदी बरामद

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने बुढाबाबा बस्ती में एक व्यक्ति को सट्टा खाईवाल करते उसके कब्जे से साढ़े नौ हजार रुपये बरामद किए हैं। शहर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बस्ती में सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है।

### मकान से बीस हजार रुपये की नकदी चोरी

**कैथल।** दुकान व घर से चोर 27 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस को दी पहली शिकायत में खुराना रोड स्थित एक मकान से चोरी 20 हजार की नकदी चोरी कर ले गए। खुराना रोड निवासी पवन ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर ली।

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की खामियां जानने दिल्ली से जींद पहुंची टीम

## कर्मचारियों से आरओ सिस्टम के वर्किंग के बारे में जानकारी ली, इसी माह के अंत तक ट्रायल की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रायल को लेकर कई तरह की खामियां लगातार सामने आ रही हैं। जिन्हें टैक्रीशियनों द्वारा एक-एक कर दूर करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को हाइड्रोजन ट्रेन में आई तकनीकी खामियों को जानने के लिए दिल्ली से प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर (पीसीएमई) डिंपी गर्ग सहित अन्य अधिकारी जींद पहुंचे। टीम ने आरओ प्लांट के साथ साथ इलेक्ट्रोलाइजर के बारे में जानकारी ली। इलेक्ट्रोलाइजर में गैस बनती है, उसके लिए दो पंप लगाए गए हैं। अगर किसी कारण के पंप बंद हो जाए तो दूसरा पंप सुचारू रूप से चलता रहे और पानी की सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं आए। इसके अलावा गैस को इंजन के अंदर से निकाला जा रहा है। इसके बाद दोबारा से टेस्टिंग शुरू होगी। निरीक्षण के दौरान सीपीएमई ने कहा कि आरओ के पानी को पौधों की सिंचाई में नहीं प्रयोग किया जाए। टीम ने जांची आरओ सिस्टम





**अग्निशमन यंत्र का काम चल रहा**

150 से 200 टीडीएस तक पानी मानव उपयोग के लिए उपयुक्त होता है। इससे कम या ज्यादा टीडीएस वाला पानी मानव के साथ-साथ पौधों के लिए भी नुकसानदायक होता है। कर्मचारियों ने कहा कि आरओ का टीडीएस 500 से ज्यादा है तो इस पर सीपीएमई ने कहा कि यह आरओ का पानी पौधों की सिंचाई के लिए प्रयोग नहीं किया जाए। इससे पौधों की पैदावार रुक जाएगी। आरओ लगाने वाला ठेकेदार पानी का सैंपल लेकर गए हैं। प्लांट में इस समय अग्निशमन यंत्र का काम चल रहा है। ऐसे में जनवरी के अंत तक ही ट्रायल होने की उम्मीद है।

वर्किंग की कार्यप्रणालीः कर्मचारियों से आरओ सिस्टम के वर्किंग के बारे में जानकारी ली। कर्मचारी ने बताया कि आरओ से निकलने वाले शुद्ध और वेस्ट पानी के लिए अलग-अलग टैंक बना रखे हैं। जब उन्होंने टैंक खोल कर देखा तो पाया कि दोनों टैंक के ढक्कन पर लाल रंग का पेंट किया हुआ था। इस पर पीसीएमई ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शुद्ध पानी के टैंक पर हरे रंग का पेंट किया जाए ताकि दोनों टैंक की अलग-अलग पहचान हो सके। इसके बाद कर्मचारियों से पानी के टीडीएस की डेली मानिटरिंग के लिए चार्ट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी के टीडीएस की अलग हर रोज जांच होती रहेगी तो पानी की गुणवत्ता के बारे में जानकारी अपडेट होती रहेगी। इसके अलावा चार्ट पर जानकारी अपडेट होने पर कर्मचारी की जवाबदेही भी तय होगी और कर्मचारी लापरवाही नही कर सकेगा।

## जिला जनस्वास्थ्य विभाग में करोड़ों के कथित घोटाले के आरोप

# विजिलेंस को शिकायत, 50 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप


**11 अधिकारियों व 7 ठेकेदारों की भूमिका संदिग्ध**

### प्रतिबंध के बावजूद 'बकेट टाइप' मशीनों का संचालन दिखाया

जांच का सामना करने की बजाय छुट्टी पर गए अधीक्षक अभियंता, अब 27 जनवरी को पंचकूला में होंगे तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कैथल में सीवरेज सफाई के नाम पर एक बड़े संगठित भ्रष्टाचार का मामला गरमाता जा रहा है। कलायत निवासी राधेश्याम ने विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से करीब 50 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाते प्रवर्तन निदेशालय और विजिलेंस ब्यूरो को शिकायत भेजी है। शिकायत के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है, वहीं जांच के घेरे में आए वरिष्ठ अधिकारियों के छुट्टी पर जाने से संदेह गहरा गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कैथल शहर में सीवरेज सफाई के नाम पर लगभग 50 लाख रुपये का भुगतान महज 7 दिनों के भीतर निकाल लिया गया। हैरानी की बात यह है कि इस अल्प अवधि में ही कोटेशन आमंत्रित किए गए, स्वीकृति मिली, बिल तैयार हुए और भुगतान भी जारी कर दिया गया। आरोप है कि जिले में एक भी 'बाल्टी टाइप' (बकेट) मशीन उपलब्ध नहीं है, फिर भी कागजों पर इनका संचालन दिखाकर सरकारी धन का गबन किया गया।



जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा की तरफ से जांच में शामिल होने बारे जारी किया लेटर।

**जांच से कन्नी काट रहे अधिकारी!**

शिकायतकर्ता राधेश्याम के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कैथल के अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों से मिलकर 50 करोड रुपए के घोटाले लगाए गए आरोपों की गंभीरता को देखते हुए विजिलेंस ने 15 जनवरी को शिकायतकर्ता और अधीक्षक अभियंता अरविंद रोहिल्ला को पंचकूला में जांच के लिए तलब किया था। हालांकि, अधीक्षक अभियंता ने मेमो संख्या 506 के माध्यम से सूचित किया कि वे 12 से 16 जनवरी तक अर्जित अवकाश पर हैं और अब उन्होंने इस अवकाश को 22 जनवरी तक बढ़ाने की मांग की है। अधिकारी के इस रवैये पर सवाल उठ रहे हैं। अब विजिलेंस ने अगली सुनवाई के लिए 27 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अधिकारी जानबूझकर जांच में शामिल होने से बच रहे हैं।

**सरकारी आदेशों की सरेआम अवहेलना**

प्रजापति के अनुसार, हरियाणा सरकार ने सुरक्षा कारणों से 'बकेट टाइप' मशीनों के उपयोग को जोखिमपूर्ण बताते हुए इनके संचालन पर कड़े निर्देश जारी किए थे। सरकार ने स्पष्ट किया था कि ऐसी मशीनों से होने वाली किसी भी दुर्घटना की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। इसके बावजूद अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रखकर इन मशीनों के नाम पर फर्जीवाड़ा किया।

**निष्पक्ष जांच की मांग**

शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को भेजे पत्र में मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय और समयबद्ध जांच कराई जाए। उन्होंने दावा किया है कि यदि बारीकी से जांच हुई तो भ्रष्टाचार की कई अन्य परतें भी खुलेंगी। फिलहाल, 11 अधिकारियों और 7 ठेकेदारों की सूची जांच एजेंसियों को सौंपी गई है। इस मामले को लेकर अधीक्षक अभियंता से फोन पर संपर्क किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# प्रोजेक्ट में निवेश के नाम पर हड़पे 44 लाख

## कंपनी के तीन डायरेक्टर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

- घर बैठे बुक स्कैनिंग में दिखाया था अच्छा मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

घर बैठे बुक स्कैनिंग प्राजेक्ट में निवेश करने पर अच्छे मुनाफे का झांसा देकर एक महिला को 44 लाख साढ़े 63 हजार रुपये का चूना लगा दिया। शहर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर कंपनी के तीन डायरेक्टर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुभाष नगर निवासी राजबाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी अपनी फर्म है। दिसंबर 2024 में उसकी मुलाकात सरवाइव सोल्यूशन कंपनी मोहाली के डायरेक्टर राजीव वर्मा, मनोज मित्तल तथा राज संधू से हुई। जिन्होंने बताया कि बुक स्कैनिंग प्रोजेक्ट में उन्हें घर बैठे अच्छी इन्कम हो जाएगी। जिस पर उन्होंने लगभग साढ़े 25 लाख रुपये में दो स्लॉट खरीद लिए। जिसके बाद उन्होंने मैगा स्लॉट जारी किया। जो उन्होंने पांच लाख सात हजार में खरीदा। आरोपितों के झांसें में आकर उन्होंने 40 स्लॉट खरीद लिए। जिसका भुगतान कुछ ऑनलाइन तथा कुछ नगद किया गया। कुछ समय तब फर्म ने उनका भुगतान भी किया लेकिन 44 लाख साढ़े 63 हजार रुपये कंपनी मे फंस गए। आरोपित उनके रुपये देने की बजाय कंपनी बंद करके भाग गए। जब उन्होंने अपने फर्म के खातों को चैक किया तो वे ऑनलाइन होल्ड मिले। शहर थाना पुलिस ने राजबाला की शिकायत पर सरवाइव सोल्यूशन कंपनी मोहाली के डायरेक्टर राजीव वर्मा, मनोज मित्तल, तथा राज संधू के खिलाफ धोखाधडी. का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना के जांच अधिकारी महिपाल ने बताया कि कपनी मे निवेश करने पर अच्छा मुनाफा दिखा राशि हड़पने की शिकायत मिली थी।

### पशु व्यापारी से तीस भैंस खरीद हड़पे 45 लाख रुपये

- एमपी के चार व्यापारियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**जींद।** गांव काकडौद के व्यक्ति की मार्फत तीस भैंस खरीद 45 लाख रुपये हड़पने पर उचाना थाना पुलिस ने चार व्यापारियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव काकड़ौद निवासी रामनिवास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह भैंस खरीद फरोख्त का कार्य करता है। विदेशापुर रोड भोपाल निवासी बल्लू उर्फ साजिद, मुन्ना, मुश्ताक, संजू उससे गत 12 सितंबर को 20 तथा 24 सितंबर को दस भैंस 45 लाख रुपये में खरीद कर ले गए थे। आरोपित ने भैंसों का भुगतान चैकों से किया था। जब वह चैक लेकर बैंक में गया तो उसे बताया गया कि खाते में रुपये नही हैं और चैक बाउंस हो गए। जिस पर उसने आरोपितों से संपर्क साधा और चैक बाउंस होने की बात कही। जब रुपये मांगे तो आरोपितों ने उसके साथ गाली गालौज करना शुरू कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। आरोपितों ने रुपये लौटाने से साफ मना कर दिया। उचाना थाना पुलिस ने रामनिवास की शिकायत पर आरोपित बल्लू उर्फ साजिद, मुन्ना, मुश्ताक, संजू के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उचाना थाना के जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि व्यक्ति ने बेची गई भैंसों की राशि हड़पने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**2.59 लाख ठगे**

**कैथलः** पुलिस को दी शिकायत में गांव पाई निवासी अभिषेक ने बताया कि वह गांव में एक दूध की डेयरी चलाता है। उसका खाता एचडीएफसी बैंक में है। 12 नवंबर को अज्ञात ने उनके खाते से दो ट्रांजेक्शन के जरिए 2.59 लाख रुपए की राशि निकली। उसने किसी के साथ बैंक विवरण साझा नहीं किया, न ही किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक किया।

**97 हजार की ठगी**

**कैथल।** पुलिस को दी शिकायत में बरटा निवासी मनप्रीत कौर ने बताया कि टेलीग्राम पर स्टडी मंत्रा एजुकेशन नाम का चैनल ज्वाइन किया था, गरीब छात्रों को निवेश कर मुनाफा कमाने का विज्ञापन उसने 97 हजार की साइबर ठगी कर ली। ठगों ने करेंसी मार्केट के नाम पर फर्जी रसीदें भी भेजीं और रकम वापस न मिलने पर पैसे डूबने की धमकी दीदिखाया गया।

# घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर खाद्य आपूर्ति विभाग ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने नगूरां गांव में सख्त रूख अपनाते हुए छापेमारी अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अलेवा के निरीक्षक सुरेंद्र सिंह तथा उप निरीक्षक आशीष ने की। जांच टीम ने नगूरां के विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में स्थित ढाबे, होटल, चाय की दुकान के अलावा अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर घरेलू उपयोग के लिए जारी एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक इस्तेमाल करते पाया । जिससे मौके से सिलेंडर जब्त किए गए। जांच के दौरान विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरेलू उपयोग के लिए होते हैं, जबकि व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अलग से व्यावसायिक गैस सिलेंडर लेना अनिवार्य है और दुकानदारों और होटल संचालकों को सख्त चेतावनी दी कि नियमों को उल्लघंन पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**मौके पर जब्त किए सिलेंडर**



**अलेवा।** नगूरां गांव में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम छापेमारी करती हुई है।

# कर्मचारियों की डिग्रियों की जांच की मांग उठाई

**एबीवीपी ने कुलपति के ओएसडी को सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शुक्रवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की शैक्षणिक योग्यता एवं डिग्रियों की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलपति को उनके कार्यालय में ओएसडी डा. विजय कुमार सैनी को दिया गया। एबीवीपी जींद के विश्वविद्यालय अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि पिछले कुछ समय से विश्वविद्यालय में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि कुछ शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की डिग्रियों एवं नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर संदेह उत्पन्न हो रहा है। ऐसे में संगठन यह मांग करता है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एक उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच समिति का गठन किया जाए। जो सभी कर्मचारियों की शैक्षणिक योग्यताओंए डिग्रियों एवं प्रमाण पत्रों की गहनता से जांच करे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जैसे उच्च शिक्षण संस्थान में पारदर्शिता, योग्यता और नैतिक मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक है।



**जींद।** सीआरएसयू वीसी के ओएसडी को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ता।

**सख्त कार्रवाई हो**

विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण होता है। ऐसे में यदि किसी भी स्तर पर अयोग्य या संदिग्ध योग्यता वाले कर्मचारी कार्यरत हो तो इसका सीधा प्रभाव शिक्षा की गुणवत्ता एवं विश्वविद्यालय की साख पर पड़ता है। एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने कहा कि यदि कोई भी कर्मचारी फर्जी डिग्री या नियमों के विपरीत नियुक्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इससे न केवल विवि में पारदर्शिता स्थापित होगी बल्कि योग्य एवं मेहनती कर्मचारियों का मनोबल भी बढ़ेगा। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी परिषद किसी भी प्रकार की अनियमितताए भ्रष्टाचार या फर्जीवाड़े को बर्दाश्त नहीं करेगी।

## परिवहन विभाग ने रोडवेज महाप्रबंधकों को पत्र जारी किया

# सीट बेल्ट नहीं लगाने पर चालक पर होगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा रोडवेज के बस चालकों को भी अब सीट बेल्ट लगानी अनिवार्य होगी। परिवहन विभाग ने आदेश जारी करते हुए सभी रोडवेज महाप्रबंधकों को पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि अपने अधीन डिपो के सभी चालकों को बस चलाते समय सीट बेल्ट लगाने के निर्देश दें। परिवहन विभाग ने निर्देश में कहा है कि सभी रोडवेज बसों में सीट बेल्ट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सभी चालकों को व्यक्तिगत रूप से नोट करवाया जाए कि सीट बेल्ट लगाकर ही रूट पर बसें चलाएं। अगर कोई भी चालक बिना सीट बेल्ट लगाते हुए बस चलाते हुए मिला तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के अलावा जुर्माना भी किया जाएगा। गौरतलब है कि जींद डिपो में 165 बस हैं। इसमें किलोमीटर स्कीम की 37 बस शामिल हैं। कई बार रोडवेज बस चालक रूट पर जाते समय सीट बेल्ट नहीं लगाते। इसके चलते सीट बेल्ट नहीं लगाने पर कई बार उनके चालान कट चुके हैं तो वहीं कई बार यातयात पुलिस कर्मियों के साथ झगड़े की नौबत आ चुकी है। चंडीगढ़ रूट पर अंबाला के पास कई बार रोडवेज चालकों और पुलिस के बीच सीट बेल्ट के मामले को लेकर कहासुनी हो चुकी है। चंडीगढ़, दिल्ली, गुरुग्राम, पांवटासाहिब जैसे लंबे रूट पर चलने वाले बस चालक अक्सर तेज गति से बस चलाते हैं ताकि समय पर पहुंचा जा सके। इस दौरान चालक सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करते। ऐसे में हादसा होने पर चालक को ज्यादा चोट लगने का डर लगा रहता है। चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रोडवेज मुख्यालय ने सभी महाप्रबंधकों को चालकों के लिए रोडवेज बसों में सीट बेल्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।



**यात्रियों की सुरक्षा प्राथमिकता**

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि चालकों को चाहिए कि वह सावधानीपूर्वक बस चलाएं। निर्धारित गति से ही बस चलाए। यात्रियों की सुरक्षा रोडवेज की प्राथमिकता है। रोडवेज बस चालकों को निर्देश दिए गए हैं कि रूट पर जाते समय सीट बेल्ट आवश्यक रूप से लगाएं। अगर कोई चालक सीट बेल्ट नहीं लगाता है तो उस पर विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ जुर्माना लग सकता है।

# बुजुर्ग से धोखाधड़ी के दो आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

थाना कलायत क्षेत्र में एक बुजर्ग से इनाम का लालच देकर धोखाधड़ी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी इंदिरा कालोनी रोहतक निवासी गुरजीत उर्फ मिन्नी व शमशेर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कलायत निवासी जगमल की शिकायत अनुसार 22 अक्तुबर की सुबह वह घर से अनाज मंडी कलायत के लिए गर्ल स्कुल के पास पहुंचा तो बैग लिए एक व्यक्ति ने उसे रोक लिया। व्यक्ति ने उसे इनाम की पर्ची खोलने के लिए बोलो तो उसने मना कर दिया। जिसके बाद उन 2 अज्ञात व्यक्तियों ने 5 हजार की पर्ची खोली जिसमें 50 हजार व 1 लाख रुपये का इनाम निकला। जिसके बाद लालच में आकर उसने भी पर्ची खोल दी तो उसका भी 50 हजार की इनाम निकला। उपरोक्त धोखाधड़ी बारे थाना कलायत में मामला दर्ज कर लिया गया। व्यापक पूछताछ दौरान आरोपियों के कब्जे से 30 हजार रुपए बरामद किए गए है। आरोपी कोर्ट के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

**खबर संक्षेप**

### दुकान से दस बोरी धान चोरी, शिकायत दर्ज

**जींद।** नई अनाज मंडी से दस बोरी धान की गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने आढ़ती की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव गतौली निवासी प्रमेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जुलाना अनाज मंडी में आढत की दुकान है। बीती रात चोरों ने दस बोरी धान की चोरी कर ली। घटना का पता चला जब उसने धान के स्टॉक को संभाला। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मकान का ताला तोड़ जेवरात व नकदी चोरी

**जींद।** ओमनगर में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने व चांदी के जेवरात, नगदी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ओम नगर निवासी सुमित्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 11 जनवरी को उसका परिवार राजस्थान गया हुआ था।

### महिला-युवती संदिग्ध हालात में लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से महिला तथा युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गांव अलेवा निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव उचाना खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेने का आह्वान

**जुलाना।** जुलाना के भामाशाह पार्क में सीटू नेता सुभाष पांचाल के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में 19 जनवरी को होने वाले जिला स्तरीय प्रदर्शन और 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर चर्चा की गई। सीटू नेता सुभाष पांचाल ने कहा कि प्रदेश के अनेक सरकारी विभागों में वर्षों से कच्चे कर्मचारी कार्यरत हैं। जिनका सरकार शोषण करती आ रही हैं।

### सीआरएम मशीनों का होगा द्वितीय भौतिक सत्यापन

**जींद।** सहायक कृषि अभियंता विजय कुमार ने बताया कि दो व चार दिसंबर एवं 12 व 14 दिसंबर को सीआरएम 2025-26 मशीनों का प्रथम भौतिक सत्यापन हुआ था। उन मशीनों (जिन मशीनों की अनुदान राशि एक लाख से अधिक है) का द्वितीय भौतिक सत्यापन 20, 21 तथा 22 जनवरी को ब्लाक वाइज गठित कमेटी करेगी।

### जल्द चुनाव करवाने की मांग उठाई

**जींद।** छोटूराम किसान शिक्षा समिति के चुनाव को लेकर अब खाप प्रधानों ने राज्यसभा सदस्य सुभाष बरवाला से मुलाकात की है। खाप प्रधानों ने कहा कि वह लोग दो बार प्रशासनिक अधिकारियों से मिले लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। राज्य सरकार द्वारा नगराधीश मोनिका रानी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी थी लेकिन लेकिन अभी तक इस मामले में एक भी कदम आगे नहीं बढ़ा है। राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला ने कहा कि जल्द ही छोटूराम किसान शिक्षा समिति के चुनाव करवाए जाएंगे।

## राजकीय कालेज में ग्रामीण महिलाओं की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# 400 मीटर दौड़ में प्रियंका प्रथम रीना द्वितीय व लीली तृतीय रही

### जुलाना उपमंडल के एसडीएम मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे

**प्रतियोगिता में सैंकड़ों महिलाओं ने लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय कालेज में खंड स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में सैंकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जुलाना उपमंडल के एसडीएम होशियार सिंह ने शिरकत की। प्रतियोगिता में 300 मीटर रेस में नंदगढ़ गांव निवासी तमन्ना प्रथम, गतौली गांव निवासी भावना दूसरे और किनाना गांव निवासी प्रियंका तीसरे नंबर पर रही। 400 मीटर दौड़ में प्रियंका प्रथम, रीना द्वितीय और लीली तीसरे नंबर पर रही। 100 मीटर दौड़ में कविता प्रथम, बिमला दूसरे और रेखा तीसरे नंबर पर रही।


जुलाना। रेस प्रतियोगिता में भाग लेती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

**खेलों से विकास**

पांच किलोमीटर रेस में नीतू ने प्रथम, काफी ने दुसरा और वर्षा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डिस्क थ्रो में मनीषा ने प्रथम, दर्शना ने दूसरा और रेखा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर में नीलम ने प्रथम, सरोज ने दूसरा और सुनीता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एसडीएम होशियार सिंह ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से पीछे नही हैं। शिक्षा, खेल या नौकरी पेशा आज के युग में लड़कियां लड़कों से काफी आगे है। महिलाओं को भी चाहिए कि वो अपनी बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे लाएं। खेलों में भाग लेने से सर्वांगिण विकास होता है। सीडीपीओ संतोष यादव, जसमेर, सुमन, मुनिया, गीतांजलि, अवंतिका, बनिता, मुकेश मौजूद थे।


जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## भाषण में अंतिम व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नेहा और कीर्ति की टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय में सरस्वती महोत्सव 2026 के अवसर पर सरस्वती नदी से संबंधित तथ्यों एवं ऐतिहासिक महत्व पर आधारित प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सरस्वती नदी की वैदिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। संबोधन में कहा कि सरस्वती नदी भारतीय सभ्यता की जीवनरेखा रही है तथा ऐसे शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं। प्रश्नोत्तरी के आयोजक राम कुमार तथा भाषण प्रतियोगिता के आयोजक डा. संदीप रहे। दोनों प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**प्रतिभागियों को किया सम्मानित**

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंतिम बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान तमन्ना एमकॉम अंतिम वर्ष एवं तृतीय स्थानहर्ष बीकॉम द्वितीय वर्ष रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा एवं कीर्ति बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थानपूजा एमए हिंदी द्वितीय वर्ष एवं अन्नू बीए तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थानशुभम एवं आर्यनए बीसीए द्वितीय वर्ष रहे। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।


जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीटीएम मोनिका। फोटो :हरिभूमि

## समाधान शिविर में मिली 10146 शिकायतों में से 8585 का समाधान

- सभी लंबित शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निपटान सुनिश्चित करें अधिकारी : सीटीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में सीटीएम मोनिका रानी जिलास्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को नव वर्ष में और अधिक तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में समाधान शिविर, जन संवाद तथा सीपीग्राम पोर्टल पर प्राप्त एवं लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। सीटीएम मोनिका रानी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण निपटान सुनिश्चित किया जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शिकायतों का समाधान करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सीपी ग्राम पोर्टल पर लंबित शिकायतों के संबंध में संबंधित विभाग स्वयं शिकायतकर्ता से संपर्क कर संतुष्टि की जानकारी लें व निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट तैयार कर समय पर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही समाधान प्रकोष्ठ एवं जन संवाद पर लंबित शिकायतों का भी शीघ्र निपटान किया जाए।

**संतुष्टि के उपरांत हस्ताक्षर प्राप्त कर ही एटीआर अपलोड की जाए**

समाधान प्रकोष्ठ में अब तक कुल 10146 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें से 8585 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। 88 शिकायतें लंबित हैं तथा 96 शिकायतें तकनीकी अथवा अन्य छोटे कारणों से पुनः खुली हुई हैं। सीटीएम ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि इन सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करते हुए विशिष्ट नागरिकों की संतुष्टि सुनिश्चित की जाए तथा संतुष्टि के उपरांत हस्ताक्षर प्राप्त कर ही एटीआर अपलोड की जाए। इस अवसर पर डीएमसी सुरेंद्र सिंह, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीजेएम ने वृद्ध आश्रम का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देश अनुसार मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने शुक्रवार को जनसेवा संस्थान महिला वृद्ध आश्रम रोहतक रोड जींद का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर आश्रम में 70 महिलाएं उपस्थित थी। प्राधिकरण सचिव ने जनसेवा संस्थान में रह रही महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। जन सेवा संस्थान के निरीक्षण के दौरान महिलाओं से बातचीत भी की तथा उनके खाने-पीने रहन सहन के बारे में विस्तार से जानकारी ली। प्राधिकरण सचिव ने जन सेवा संस्थान के स्टाफ को निर्देश दिए की महिलाओं को देखभाल में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए तथा महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित कोई भी लापरवाही ना की जाए। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण सहायता हेल्पलाइन लाइन नंबर 15100 जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन नंबर पर किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं।


जींद। वृद्धाश्रम का निरीक्षण करती सीजेएम। फोटो :हरिभूमि

## विकास कार्य निर्धारित मानकों, गुणवत्ता और समय सीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएंः प्रदीप

**एडीसी ने चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एडीसी प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को गांव पांडू पिंडारा, खटकड़ व घोघड़ियां में एमपीएलएडी (सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास) योजना तथा जिला परिषद् की विभिन्न योजनाओं के तहत करवाए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा मौके पर जाकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का भी गहनता से जायजा लिया। एडीसी प्रदीप कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित मानकों, गुणवत्ता एवं समय सीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी इन योजनाओं के तहत कराए जा रहे कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में समझौता बर्दाश्त नही किया जाएगा। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, कार्य की मजबूती तथा तकनीकी मानकों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्वीकृत योजनाओं का उद्देश्य आमजन को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए इन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी एमपीएलएडी योजना सहित जिला परिषद एवं अन्य योजनाओं के तहत चल रहे सभी विकास कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जाता रहेगा ताकि कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो सकें।


जींद। विकास कार्यों की जांच करते एडीसी। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। जांच करवाते हुए लोग। फोटो :हरिभूमि

**निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवा वितरित की**

**नरवाना।** कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला की पहल पर शुरू की गई ९आदित्य निशुल्क मोबाइल अस्पताल वैन आज नरवाना विधानसभा के गांव पीपलथा में पहुंची। इस चलते.फिरते अस्पताल में ग्राम वासियों को पूरी तरह निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की गईं। नरवाना क्षेत्र में इस निःशुल्क आदित्य सुरजेवाला मोबाइल अस्पतालष वैन सेवा के संचालन व्यवस्था को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं। यह वैन मौके पर ही रोगियों का मैडिकल चेकअप करके दवाइयां द्वारा इलाज कर रही हैं। गांव पीपलथा में लोगों की डॉक्टरों की टीम ने ब्लड प्रेशरए शुगरए सामान्य बीमारियां और अन्य जांचें कीं तथा मौके पर ही जरूरी दवाइयां मुफ्त प्रदान कीं। विधायक आदित्य सुरजेवाला का धन्यवाद करते मनप्रीत कौर, बलविंदर सिंह समेत कई ग्रामवासियों ने कहा कि घर के पास ही इतनी अच्छी सुविधा मिल जाएए इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है। आज तक ऐसा विधायक और जन प्रतिनिधि नहीं मिला जिन्होंने जनता की सेवा के लिए फ्री चेकअप और निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। कैंप में वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सुरजेवाला जगरूप सुरजेवाला, बिंदर फरैण, डॉ शमशेर अमरगढ़, रामनिवास लोन, मनजीत बब्बर, मा अमरीक सिंह, रामफल सिंह, छन्नाराम सैनी, धौला नैन, संजीव धमतान मौजूद रहे।

## सनातन धर्म में नवरात्रि केवल उत्सव नहीं बल्कि चेतना के रूपांतरण का पर्व : सुदेश

- गुप्त नवरात्रि का प्रारंभ 19 जनवरी से होगा : एडवोकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सनातन धर्म में नवरात्रि केवल उत्सव नही बल्कि चेतना के रूपांतरण का पर्व है। वर्ष में आने वाली दो मुख्य नवरात्रियों के अतिरिक्त, माघ और आषाढ़ मास की १गुप्त नवरात्रि का विशेष महत्व है। जहां चैत्र और शारदीय नवरात्रि सामाजिक उत्सव और मर्यादा के प्रतीक हैं वहीं गुप्त नवरात्रि तंत्र, मंत्र और आंतरिक आध्यात्मिक शक्ति की साधना के लिए समर्पित है। शक्ति राइज ग्लोबल फाउंडेशन इसी भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन और आत्मिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। शक्ति राइज ग्लोबल फाउंडेशन की संस्थापक एस्ट्रोलर एडवोकेट सुदेश शर्मा ने कहा कि नवदुर्गा नौ शक्तियों का स्वरूप है। मां दुर्गा के नौ रूप मानवीय चेतना के विकास के विभिन्न सोपान हैं। नवरात्रि में इन नौ स्वरूपों की साधना साधक के मानसिक विकारों को दूर कर आत्मबल प्रदान करती है।



**मां आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करें**

बाधा मुक्ति हेतु सर्वाबाधा विनिर्मुक्तो, धनधान्यसुतान्वितः। मनुष्यो मत्प्रसादेन भविष्यति न संशयः। आरोग्य हेतु देहि सौभाग्यमारोग्यं देहि में परमं सुखम। रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि। आध्यात्मिक अनुभव का संदेश बचपन से ही मां दुर्गा की अनन्य पूजा आराधना मेरे जीवन का आधार रही है। इस दीर्घकालीन साधना ने मुझे सिखाया है कि जब हम पूर्ण विश्वास के साथ शक्ति की शरण में जाते हैं तो असंभव भी संभव हो जाता है। इस गुप्त नवरात्रि में बाह्य प्रदर्शन के स्थान पर अंतर्मुखी होकर मां की आराधना करें। मां आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करें। शक्ति राइज ग्लोबल फाउंडेशन आप सभी के मंगलमय और आरोग्य जीवन की कामना करता है।


जींद। सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते हुए साधक। फोटो :हरिभूमि

**सूर्य नमस्कार का नियमित अभ्यास करेंः सुमन**

**जींद।** हरियाणा आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार जींद जिले में सूर्य नमस्कार अभियान 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को योग और सूर्य नमस्कार के लाभों के बारे में जागरूक करना है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के निर्देशन में और जिला योग समन्वयक डा. योगेश व जिला योग विशेषज्ञ गोविंदा के मार्गदर्शन में आयुष योग सहायक सुमन रानी ने आयुर्वेद डिस्पेंसरी रामराये में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को सूर्य नमस्कार के महत्व और इसके शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में बताया। इस मौके पर डा. सुमित्रा, फार्मासिस्ट अमित कुमार, समस्त स्टाफ और गांव के मुख्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अभियान के तहत हर दिन सुबह के समय योगिक विधियों के अनुसार सूर्य नमस्कार किया जाएगा। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों और संस्थाओं को ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। आयुष योग सहायक सुमन रानी ने बताया कि सूर्य नमस्कार योग का एक अभ्यास है। यह 12 चरणों वाला एक आसन है। सूर्य नमस्कार को करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मन शांत होता है। साथ ही शरीर में विटामिन डी की मात्रा बढ़ती है। सूर्य नमस्कार करने से शरीर निरोगी, चेहरा ओजपूर्ण होता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।



जींद। कार्यशाला में भाग लेते हुए अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

### तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में शिक्षकों हेतू तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रिसोर्स पर्सन निशा पुंडीर द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय राष्ट्रीय पाठ्य चर्चा रूपरेखा रहा। एनसीएफ भारत में शिक्षा के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज है जो पाठ्यक्रम पाठ्यपुस्तकों एवं शिक्षण विधियों को निर्धारित करता है। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों द्वारा शिक्षक एवं छात्रों के बीच तालमेल को विकसित करने के विषय में जानकारी दी। सभी अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तर के माध्यम से विभिनन प्रकार की समस्याओं के निवारण की जानकारी मिली। कार्यक्रम के अंत में निदेशिका अंजू सिहाग व प्रधानाचार्य सतवीर सिंह ने बताया कि इस तरह की कार्यशालाओं से अध्यापकों को कौशल प्रबंधन, नई बोर्ड परीक्षा प्रणाली और प्रौद्योगिकी के उपयोग संबंधी जानकारी प्राप्त होती है। सैद्धांतिक शिक्षा का व्यवहारिक प्रयोग कैसे किया जाए व बच्चों की रटत प्रवृति को दूर कर सीखने को अधिक आनंददायी बनाने में सहयोगी बनाना है।

### विकास को लेकर नहीं आने दी जाएगी धन की कमी : देवेंद्र चतरभुज

# दाड़न खाप चबूतरे पर 58 लाख से बनेगा मीटिंग हॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

सर्व जातीय दाडऩ खाप के पालवां चबूतरे पर बनने वाले 58 लाख की लागत से मीटिंग हॉलए कसूहन गांव में शिव मंदिर के पास चबूतरे पर बनने वाली आधुनिक लाइब्रेरी निर्माण का कसूहन गांव पहुंच कर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि गांव में जो लाइब्रेरी बनेगी उसमें एक साथ 50 युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। इंटरनेट सहित हर तरह की आधुनिक सुविधा यहां मुहैय्या होगी। लाइब्रेरी निर्माण में किसी तरह से धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। जरूरत हुई तो विधायक कोटे से ग्रांट दी जाएगी। लाइब्रेरी बनने के बाद उचाना, जींद के बेटे, बेटियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लाइब्रेरी में नहीं जाना पड़ेगा।



उचाना। विकास के कार्यों का शिलान्यास करते देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो :हरिभूमि

**हर वादे को किया जाएगा पूरा**

- कसूहन में बनेगी 20 लाख से आधुनिक लाइब्रेरी
- गांव को सुंदर बनाने के लिए 10 हजार से अधिक आबादी वाले गांव में 1-1 स्मार्ट गली बनाएगी जाएगी

दाड़न खाप के पालवां चबूतरे पर भी 58 लाख की लागत से मीटिंग हॉल बनेगा। उचाना विकास के मामले में नंबर वन हो इसको लेकर निरंतर कार्य तेजी से हो रहे है। उन्होंने कहा कि गांव को सुंदर बनाने के लिए 10 हजार से अधिक आबादी वाले गांव में 1-1 स्मार्ट गली पंचायती राज विभाग द्वारा बनाएगी जाएगी। पहले चरण में ये गली बनेगी। दूसरे चरण में इससे कम आबादी वाले गांव चुने जाएंगे। गांव शहरों की तरह नजर आए इस सोच के तहत सरकार कार्य कर रही है। विकसित उचाना का जो सपना है उसे पूरा किया जाएगा। जो वायदे किए उन वायदों को पूरा किया जा रहा है। अब से पहले बातें अधिक होती थी लेकिन काम नहीं होते थे। अब बातें कम काम ज्यादा हो रहा है। सीएम नायब सिंह सैनी की अगुवाई में निरंतर विकास के पथ पर हरियाणा है। आज विपक्ष के पास कोई मुदद्दा नहीं है। इस मौके पर ब्लॉक समिति चेयरमैन दिनेश सुदकैन, रामचंद्र अत्री, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, सरपंच प्रतिनिधि श्रीकांत कसूहन, गौत्तम एसडीओ पंचायती राज, जेई विजेंद्र शर्मा, पूर्व सरपंच महावीर अत्री, शुक्रचंद, जयकिशन, सुरेंद्र बधाना, बलजीतए संजय चहल मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### डालसा और एमडीडी ने लगाया जागरूकता शिविर

**कैथल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुहला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल के सहयोग से एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा एक जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला समन्वयक अशोक कुमार ने लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, उससे संबंधित कानूनी प्रावधानों में समाज की भूमिका के विषय परजानकारी प्रदान की।

### एनएसएस शिविर में एड्स जागरूकता का संदेश दिया

**पूंडरी।** डीएवी कॉलेज, पूंडरी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा गांव फतेहपुर में 15 से 21 जनवरी तक आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किए गए। दूसरे दिन की शुरुआत भाजपा जिला सचिव महिला मोर्चा निधि मोहन द्वारा पौधारोपण कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव फतेहपुर के सरपंच सोहन लाल वर्मा ने की।

### स्टार्टअप के क्षेत्र में अपार संभावनाएं : मनोज

**कैथल।** राजकीय महाविद्यालय कैथल में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कंप्यूटर विभाग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में बीसीए, पीजीडीसीए एवं एम.कॉम के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### चीका क्षेत्र से सटोरिया काबू, 3300 रुपये बरामद

**कैथल।** थाना चीका पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 3300 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना चीका पुलिस प्रभारी पीएसआई अमन कुमार की अगुवाई में पीएसआई कमलदीप की टीम को सांयकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की पुरानी सब्जी मंडी के बगल वाली सड़क पर एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है।

### युवती लापता, मामला दर्ज

**कैथल।** कलायत क्षेत्र की एक युवती लापता होने के मामला सामने आया हैं। कलायत थाना में दी शिकायत में एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि 14 जनवरी को उसकी लड़की बिना बताए घर से लापता हो गई। आसपास काफी पता किया, लेकिन कहीं पर जानकारी नहीं मिली है। इसके बाद अब पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शहर में तीन जगह चोरी

**कैथल।** तीन अलग- अलग जगह चोरी के मामले सामने आए हैं। तितरम पुलिस को दी शिकायत में लवकुश ने बताया कि चोर 15 जनवरी को नरड़ शुगर मिल के पास से उसकी बाइक चुराकर ले गए। गुहला पुलिस को दी शिकायत में बिजली एसडीओ राहुल ने बताया कि चोर 11 जनवरी को गांव खरौदी में लगे ट्रांसफार्मर का सामान चोरी कर ले गए। तीसरी शिकायत में कपिल ने बताया कि चोर उसके प्लाट से नौ ड्रम तारकोल चोरी कर ले गए।

---

### प्रकाश पर्व की खुशी में खरकां गांव में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

# नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा और खेलों में लगाएं युवाः बेनीवाल

**अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को आदर्श मानकर आगे बढ़ें युवा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

शहिनशाह रूहानी सत्संग दरबार साहिब खरकां द्वारा श्री गुरु दाता शहनशाह के प्रकाश पर्व की खुशी में गांव खरका में आयोजित कबड्डी कप में डीएसपी कुलदीप बेनीवाल व डीएसपी सुशील प्रकाश ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा शिक्षा व खेलों में लगाएं तथा अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने मां-बाप तथा इलाके का नाम रोशन करें। अभिभावकों को बच्चों की दिनचर्या और उनकी गतिविधियों की निगरानी रखनी चाहिए। पुलिस प्रशासन की ओर से नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में आमजन आगे आकर अपनी अग्रणी भूमिका निभाए तथा और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि नशे को समाज से पूरी तरह से खत्म किया जा सके। डीएसपी ने कहा कि जिला पुलिस सभी गांवों में युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दे रही है, जिसके काफी सार्थक परिणाम आ रहे है। युवाओं से आह्वान करते हुए डीएसपी ने कहा कि हमारे देश में अनेक खिलाड़ी तथा अन्य व्यक्ति है जिन्होंने हमारे देश का परचम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फहराया है। हमारे देश का नाम बुलंदिया छू रहा है। उन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अपना आदर्श मानकर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रयास करें। डीएसपी सुशील प्रकाश ने कहा कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चला रही है, जो जिले में आमजन तथा युवा वर्ग को जागरूक करने के लिए एसपी उपासना के आदेशानुसार डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में इंस्पेक्टर साहिल, एसआई कर्मबीर, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही रेखा व सोनिया, एसपीओ राजपाल, प्रदीप कुमार व जसविंदर की टीम का गठन किया गया है।



**कैथल।** डीएसपी कुलदीप बेनीवाल और सुशील प्रकाश खिलाडियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**नशा समाज को लगातार कर रहा खोखला**

जिनके द्वारा इस मुहिम के तहत युवाओं तथा आम लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए लगातार सेमिनार, गोष्ठियों तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। डीएसपी ने कहा कि नशा समाज को लगातार खोखला कर रहा है। पुलिस विभाग नशा मुक्त हरियाणा मुहिम तहत निरंतर रूप से नशा तस्करों पर शिकंजा कसा रहा है।

---


**ढांड।** प्रो. सुरेश कुमार ढांडा का स्वागत करते प्राध्यापक। *फोटो : हरिभूमि*

### संदीप यादव बने शिक्षक संघ के सचिव

# श्यामलाल कॉलेज में शिक्षक संघ का गठन

- गांव कौल के प्रो. सुरेश कुमार ढांडा तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ढांड

ढांड क्षेत्र के गांव कौल निवासी एवं दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध श्यामलाल कॉलेज (सांध्य) में कार्यरत प्रोफेसर सुरेश कुमार ढांडा को शिक्षक संघ का तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। वहीं डॉ. संदीप यादव को सर्वसम्मति से शिक्षक संघ का सचिव चुना गया।

श्यामलाल कॉलेज (सांध्य) में शिक्षक संघ के नए पदाधिकारियों के चुनाव शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव के उपरांत 15 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष द्वारा नव-निर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तथा उन्हें विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करवाया गया।

**सहयोग की अपील**

इस अवसर पर तीसरी बार (वर्ष 2018, 2024 एवं 2026) अध्यक्ष चुने गए प्रो. सुरेश कुमार ढांडा ने कहा कि शिक्षक संघ का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के हितों की रक्षा करना, शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा कॉलेज प्रशासन के साथ संवाद स्थापित कर समस्याओं का समाधान निकालना है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि शिक्षक संघ पारदर्शिता, समन्वय और सहयोग की भावना के साथ कार्य करेगा। वहीं सचिव निर्वाचित डॉ. संदीप यादव ने कहा कि वे शिक्षक संघ की गतिविधियों को अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। उन्होंने शिक्षकों से जुड़ी शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सेवा संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का आश्वासन दिया।

---

# वाल्मीकि विवि में लगाई स्वदेशी संकल्प दौड़

- युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल के टीक परिसर में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के उपलक्ष्य में स्वदेशी संकल्प दौड़ आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगुरु प्रो. राजेन्द्रकुमार अनायत द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और स्वदेशी संदेश के साथ हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ शोध पीठ के संयोजक डॉ हरीश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वागतकुलसचिव प्रो. संजय गोयल ने किया तथा डॉ कृष्ण चन्द्र पाण्डेय ने स्वदेशी संदेश प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन I शोध केंद्र के संयोजक डॉ नवीन शर्मा ने किया। कुलगुरु प्रो. अनायत ने विद्यार्थियों को ध्वज दिखाकर दौड़ के लिए रवाना किया। उन्होंने युवाओं को विवेकानन्द के आदर्शों पर चलने और स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया।


**कैथल।** कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार दौड को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

**कार्यक्रम में ये सभी रहे उपस्थित**

*इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. भाग सिंह बोदला, डॉ जगत नारायण, डॉ सुरेन्द्र पाल वत्स, डॉ शर्मिला, डॉ नरेश शर्मा, डॉ अखिलेश कुमार मिश्र, डॉ रामानन्द मिश्र, डॉ चन्द्रकान्त, डॉ विनय गोपाल त्रिपाठी, डॉ गोविन्द वल्लभ आदि उपस्थित रहे।*

---

# सूर्य नमस्कार से होता है आरोग्य जीवनः डॉ. दहिया

- योग व्यायामशालाओं एवं आयुष संस्थानों में किया गया सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में गांवों में जन जन तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए योग व्यायाम शालाओं एवं 25 आयुष संस्थान, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, डिस्पेंसरी एवं आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्रो में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया की देखरेख में इन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ शकुंतला दहिया ने कहा कि सूर्य नमस्कार हमारा प्राचीन एवं परंपरागत व्यायाम है. इसके नियमित अभ्यास से शरीर का मेटाबॉलिज्म सुचारू रूप से काम करता है, हड्डियों को मजबूत एवं मांसपेशियों को लचीला बनाता है। शरीर को ऊर्जा से भरकर आरोग्यता की तरफ ले जाता है। हरियाणा योग आयोग के प्रोटोकॉल अनुसार सूर्य नमस्कार की 6 आवृति, जिसमें 7 आसनों नमस्कार आसन, तिर्यक ताड़ासन, पादाहस्तासन, अश्वासंचालन आसन, साष्टांग प्रणाम भुजंगासन एवं पर्वत्तासन को 12 आसनों के समूह में किया जाता है।


**कैथल।** चौशाला में योगासन करते साधक। *फोटो : हरिभूमि*

**प्रशिक्षण कार्यक्रम**

उन्होंने बताया कि योग व्यायामशाला पाई, बरसाना, हरसोला, जुलानीखेड़ा, पबनावा, जाजनपुर, बरोट, बड़सीकरी, छौत, संगतपुरा एवं आयुष संस्थानों में सिसमोर, बरसाना, पीड़ल, जड़ौला, फरल, डीग, कोटड़ा, तितरम आदि स्थान पर आयुष विभाग में कार्यरत आयुष योग सहायकों के माध्यम से सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 जनवरी से 12 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे है। सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयुष विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

---

### पुण्य से होता है पापों का नाश, सत्संग से मिलता है मोक्ष का मार्गः आचार्य मानसू भारद्वाज



**पूंडरी।** पुंडरी स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में चल रहे श्री गायत्री महायज्ञ एवं माघ महात्म्य कथा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के प्रवचन में आचार्य पंडित मानसू भारद्वाज ने धर्म, पुण्य और सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विकुण्डल और कुण्डल की पौराणिक कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। आचार्य ने बताया कि विकुण्डल ने दूत से कहा कि सज्जनों के वचन गंगाजल के समान पापों का नाश करते हैं। कथा में बताया गया कि पूर्वकाल में मधुवन में शालकी नामक एक महान तपस्वी ऋषि थे, जिनके चार पुत्र संन्यास ग्रहण कर ब्रह्म ध्यान में लीन रहते थे। वे संसार में विचरण करते हुए विकुण्डल के घर आए। उन्हें भूखे-प्यासे देखकर उनका आदर-सत्कार किया।

---

# सरस्वती नदी पर छात्रों को किया जागरूक

- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम डी की प्रीति,स्मृति और कोमल ने पहला स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजौंद

राजकीय महाविद्यालय राजौंद में सरस्वती नदी महोत्सव के उपलक्ष्य में इंपॉर्टेंस डे सेलिब्रेशन कमेटी के सौजन्य से प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सरस्वती नदी संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। कमेटी इंचार्ज रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉक्टर रोहतास ने विद्यार्थियों को बताया कि हमें अपने पुरातात्विक स्थलों को बचाकर रखना है सरस्वती नदी भी उन्हीं में से एक है नदियों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है।


**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

**भाषण प्रतियोगिता में कोमल प्रथम**

ब्रह्मा विष्णु शिव है अपरंपार गंगा जमुना सरस्वती का संगम है। इस दौरान मंच संचालन रविंद्र कुमार ने किया। नीर-क्षीर निर्णायक मंडल में विक्रम व अशोक कुमार मौजूद रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम डी की प्रीति स्मृति कोमल प्रथम रही व द्वितीय टीम सी क्षमा कनिका नीतू रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम कोमल द्वितीय प्रीति व तृतीय शिवानी रही। इस दौरान दीपक,प्रदीप, तरुण, प्रवीण, हरिपाल, निशु, सीमा, राजरानी मौजूद रहे।

---

# दीपू व भूपेंद्र एमपीएचडब्ल्यू मेल ट्रेनिंग में रहे अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

हरियाणा प्रदेश के एमपीएचडब्ल्यू मेल ट्रेनिंग कोर्स के बच्चों का परिणाम घोषित हुआ। इसमें इंस्टीट्यूट युवराज एमपीएचडब्ल्यू मेल ट्रेनिंग स्कूल बाता का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इंस्टीट्यूट के बच्चों ने पूरे हरियाणा में अपना परचम लहराया। दीपू पुत्र सुभाष चंद्र ने 452/600 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भूपेंद्र पुत्र शेर सिंह ने 442/600 अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और सुनील पुत्र रामस्वरूप ने 440 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसमें सभी सदस्यों का सहयोग रहा और बच्चों की कड़ी मेहनत से यह उपलब्धि प्राप्त की। इस अवसर पर सभी स्टाफ मेंबर्स और मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों ने खुशी जाहिर की।

- शत प्रतिशत रहा युवराज इंस्टीटयूट का परीक्षा परिणाम


परीक्षा में अव्वल रहे दीपू और भूपेंद्र

---

### डीसी ने की समाधान शिविर व अन्य पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा

# लोगों की शिकायतों की गंभीरता से सुनवाई, जल्द समाधान करें अधिकारीः उपायुक्त

पत्राचार करके औपचारिकता पूरी न करें, अधिकारियों से शिकायत का समाधान करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि अधिकारी आमजन की समस्याओं व शिकायतों को गंभीरता से सुने और अपना व्यवहार अच्छा रखें। जिन शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया जा सकता है, उनका तुरंत समाधान करें तथा समय लगने वाली शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता को संतुष्ट करें। कोई भी अधिकारी किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतें। डीसी अपराजिता लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतें काफी महत्वपूर्ण हैं, अधिकारी इन शिकायतों का जल्द समाधान करने का प्रयास करें। दूसरे विभागों के साथ तालमेल रखें। सिर्फ पत्राचार करके औपचारिकता पूरी न करें, बल्कि विभाग के अधिकारी से संपर्क करके शिकायत का समाधान करवाएं।


**कैथल।** डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

**पेंशन संबंधी शिकायतों का करें निवारण : उपायुक्त**

समीक्षा के दौरान एक पेंशन की शिकायत पर सुनवाई करते हुए डीसी ने एडीसी व समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे महिला की पैंशन संबंधित शिकायत का जल्द समाधान करवाएं। इसके अलावा डीसी ने जन स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कैथल, नगर परिषद कैथल, जिला परिषद, राजस्व विभाग, एचएसवीपी, एमएसएमई आदि विभागों में लंबित पड़ी शिकायतों के बारे में गहनता से जानकारी हासिल की। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे लंबित शिकायतों का जल्द निपटान करे।

---



# महिला संकीर्तन मंडली ने शेड निर्माण में दिया आर्थिक सहयोग

**राजौंद।** महिला संकीर्तन मंडली द्वारा दुर्गा मंदिर के साथ लगते श्री सनातन धर्म सेवा समिति के हाल के साथ लाखो रुपए का शैड बनवाया। दुर्गा मंदिर कमेटी के प्रधान देवेंद्र कुमार व राजेश कुमार भाखडी ने बताया कि दुर्गा मंदिर की महिला संकीर्तन मंडली द्वारा 1 लाख 14 हजार की लागत से शैड बनवाकर श्री सनातन धर्म सेवा समिति का सहयोग किया है। उन्होंने बताया कि पहले भी महिला संकीर्तन मंडली द्वारा 50 हजार रुपए का दुर्गा मंदिर में बने शैड में सहयोग किया गया था। इसके अलावा अन्य कार्यों में भी महिला संकीर्तन मंडली का सहयोग मिलता रहता है। इसके लिए पूरी दुर्गा सेवा समिति की टीम ने महिला कीर्तन मंडली का आभार प्रकट किया।

---

### बागवानी फसलों के लिए अनुदान दे रही सरकार

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि किसानों को बागवानी फसलों की खेती के लिए प्रेरित करने के लिए हरियाणा सरकार नए प्रावधान कर रही है। इसके लिए किसानों को बागवानी, फलों, सब्जियों फूलों और मसालों आदि की खेती के लिए सरकार द्वारा एक लाख 40 हजार रुपये तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बागवानी खेती में फलों के नए बाग लगाना, सब्जियों की खेती एकीकृत मॉडल के साथ करना, फलों की खेती, मसालों की खेती तथा खुशबूदार पौधों की खेती करना जैसे मद शामिल हैं।

- नए बाग लगाने पर एक लाख 40 हजार रुपये तक प्रति एकड़ तक अनुदान का प्रावधान

## खबर संक्षेप

### आज नरवाना आएंगे केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी

**नरवाना।** राधे श्याम गऊ आश्रम ट्रस्ट एवं मातृ पितृ सेवा सदन ट्रस्ट के तत्वावधान में उकलाना रोड पर निर्माणाधीन मातृ.पितृ सेवा सदन में शनिवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी बतौर मुख्यातिथि शरीक होंगे। राधे श्याम गऊ आश्रम के प्रधान ईश्वर गोयल ने बताया कि वृद्ध आश्रम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी बतौर मुख्यातिथि गऊ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार विशिष्ट अतिथि शरीक होंगे।

### अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 19 से 25 तक

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि हरियाणा सरस्वती विकास धरोहर बोर्ड द्वारा कुरुक्षेत्र जिला के उपमंडल पिहोवा में स्थित सरस्वती तीर्थ पर अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का 19 से 25 जनवरी तक आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 19 जनवरी को आदि बद्री से महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। पिहोवा में आयोजित होने वाला सात दिवसीय सरस्वती महोत्सव 19 जनवरी को आदिबद्री से शुरू होगा जो कि 25 जनवरी को उपमंडल पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर समाप्त होगा। सरस्वती महोत्सव 19 जनवरी को हवन यज्ञ से आरंभ होकर संध्या कालीन आरती के साथ समाप्त होगा। सरस्वती महोत्सव में 31 कुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

### नगर पालिका कर्मचारी लेंगे हड़ताल में भाग

**जींद।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला जींद की कार्यकारिणी मीटिंग जिला प्रधान सोहनलाल की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन जिला सचिव बंटी बेदी ने किया। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी के लिए 19 जनवरी को एसकेएस व सीटू जिला स्तरीय प्रदर्शन करते हुए हड़ताल का नोटिस और 23 व 31 दिसंबर को कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश, राज्य उपप्रधान राजेश कुमार बागड़ी, शिवचरण, विजय ने कहा कि आर्थिक, उदारिकरण की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बेरोजगारी व भ्रष्टाचार बढ़ रहा है।

## विधायक अत्री की सख्ती का दिखा असर

# अब नहीं होगा जलभराव, हाईवे सर्विस रोड पर स्थायी समाधान

**24 घंटे में हुआ समस्या का समाधान**


जींद। हाइवे पर जलभराव होने से भरा गंदा पानी व टूटी सड़क। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

उचाना पुलिस थाना के पास सर्विस रोड, हाइवे पर भरने वाले सीवरेज लाइन जाम रहने से गंदे पानी की समस्या का समाधान विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की सख्ती से 24 घंटे के अंदर हुआ। विधायक के संज्ञान में सर्विस रोड, हाइवे पर गंदा पानी भरने से सड़क टूटने के साथ-साथ होने वाले हादसों के आने पर विधायक ने एनएचएआई, जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से से सख्ती से बातचीत करते हुए जल्द से जल्द समस्या के समाधान के निर्देश दिए। विधायक की सख्ती का असर ये हुआ कि 24 घंटे के बाद समस्या का स्थायी समाधान करते हुए जो लाइन जाम थी, जिसके चलते सीवरेज का पानी सर्विस रोड, हाइवे पर भर जाता है व उस लाइन को रिपेयर का स्थायी समाधान किया गया। जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ सुनीता देवी एवं एनएचएआई के कर्मचारी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

**नहीं आने दी जाएगी किसी तरह की समस्या**

विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि मेरे संज्ञान में पुलिस थाना के पास सर्विस रोड, हाइवे पर गंदा पानी भरने से हो रही परेशानी का मामला आया। इस पर तुरंत प्रभाव से जन स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई के अधिकारियों से बातचीत करते हुए जल्द से जल्द समाधान स्थाई हो के निर्देश दिए। अब इस समस्या का स्थाई समाधान हो गया है।

सर्विस रोड बनने के बाद से आ रही इस समस्या का स्थायी समाधान होने से वाहन चालकों, दुकानदारों, आमजन ने विधायक का आभार प्रकट किया।

वाहन चालकों ने कहा कि जलभराव होने से जहां सड़क टूट चुकी है तो यहां पर कई वाहन भी पलट चुके है। सर्विस रोड से जाते समय गंदा पानी भरने से दुकानदारों के साथ-साथ जो यहां से आते.जाते है उनको बदबू आने से परेशानी होती है तो मच्छर भी गंदे पानी में पनपते है। विधायक के संज्ञान में मामला आने के बाद इसका स्थायी समाधान हो गया है। जिस लाइन के जाम रहने से समस्या थी उसका स्थायी समाधान हो गया है।


जींद। पालवां बस स्टॉप के पास सर्विस रोड पर चल रहे कार्य के दौरान मौजूद एसडीओ सुनीता एवं एनएचएआई कर्मचारी।। फोटो : हरिभूमि

**लाइन रिपेयर करके समाधान किया**

जनस्वास्थ्य विभाग उचाना के एसडीओ सुनीता ने बताया कि सर्विस रोड पर सीवरेज पाइप लाइन बिछाने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग ने एनएचएआई को राशि जमा करवाई थी। लाइन बिछाने के बाद अब तक जन स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर सीवरेज लाइन नहीं की गई है। समस्या से स्थाई समाधान दिलाने के लिए एनएचएआई कर्मचारियों की मौजूदगी में विभाग के कर्मचारियों के साथ लाइन को रिपेयर करवा दिया गया है। जो सड़क टूटी है उसकी रिपेयर एनएचएआई करवाएगा।

# भारत-जापान उच्च शिक्षा मिशन के तहत सीआरएसयू वीसी की टोक्यो में बैठक

- भारत के 30 कुलपतियों का प्रतिनिधिमंडल ले रहा है भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित बैठक में मौजूद सीआरएसयू वीसी।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी ने भारत-जापान उच्च शिक्षा मिशन के अंतर्गत जापान की राजधानी टोक्यो में जापानी शिक्षा मंत्रालय एवं उच्च शिक्षा से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। यह मिशन भारतीय विश्वविद्यालयों का संघ (एआईयू) के नेतृत्व में तथा एक्यूमेन के सहयोग से 12 से 17 जनवरी 2026 तक आयोजित भारत-जापान विश्वविद्यालय नेताओं का शिखर सम्मेलन 2026 के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन में भारत के 30 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य भारत और जापान के बीच उच्च शिक्षा, शोध, नवाचार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण तथा अकादमिक, उद्योग सहयोग को सुदृढ़ करना है।

कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने जापानी अधिकारियों के साथ संवाद के दौरान कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप भारतीय विश्वविद्यालयों को वैश्विक शोध पारिस्थिति से जोडऩा समय की आवश्यकता है।

# मैरिज पैलेस एसोसिएशन का फैसला 1 अप्रैल को नई व्यवस्था लागू होगी

- बैठक में व्यावहारिक, आर्थिक और संचालन संबंधी कई मुद्दों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी


पूंडरी। बैठक में भाग लेते हुए मैरिज पैलेस एसोसिएशन के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

मैरिज पैलेस एसोसिएशन की एक विस्तृत एवं अहम बैठक प्रधान गौरव वालिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के मैरिज पैलेस संचालकों से जुड़े अनेक व्यावहारिक, आर्थिक और संचालन संबंधी मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया, जिसके बाद कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 अप्रैल से किसी भी मैरिज पैलेस में क्रोकरी आदि की व्यवस्था पैलेस मालिकों द्वारा नहीं की जाएगी। एसोसिएशन का मानना है कि इस निर्णय से पैलेस संचालकों पर अतिरिक्त बोझ कम होगा और व्यवस्थाओं को अधिक सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। इसके साथ ही बुकिंग के समय को लेकर भी स्पष्ट नियम तय किए गए। बैठक में यह तय हुआ कि दोपहर की सभी बुकिंग अब केवल शाम 5 बजे तक ही मान्य होंगी। यदि किसी कार्यक्रम की अवधि शाम 5 बजे के बाद तक बढ़ती है, तो उसके लिए प्रति घंटे के हिसाब से अतिरिक्त चार्ज लिया जाएगा। एसोसिएशन ने साफ किया कि यह नियम सभी पैलेसों पर समान रूप से लागू होगा और इसमें किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। कोई पैलेस संचालक इन नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ एसोसिएशन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


जींद। अमृत सरोवरों का निरीक्षण करते हुए एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### एडीसी ने अमृत सरोवरों का किया निरीक्षण

**जींद।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने गांव निडानी तथा सिंधवी खेड़ा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अमृत सरोवरों की निर्माण गुणवत्ता, जलसंग्रह क्षमता तथा रखरखाव की स्थिति का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के अवसर पर परियोजना अधिकारी मनरेगा राकेश कुमार, अतिरिक्त खंड कार्यक्रम अधिकारी रेखा, ग्राम सचिव राजेश एवं रितु, कनिष्ठ अभियंता रिषिराज सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त गांव के सरपंच व अन्य ग्रामीणजन भी मौके पर मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अमृत सरोवरों के निर्माण कार्यों में निर्धारित तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर न केवल जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है बल्कि इससे ग्रामीण क्षेत्र में भू.जल स्तर में सुधारए सिंचाई सुविधाओं में बढ़ोत्तरी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलता है। अधिकारियों ने अमृत सरोवरों से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# नपा की ज़मीन पर कब्जों की खुली छूट

- पार्षद विकास शर्मा ने प्रेस वार्ता कर नगर पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन


सीवन। सीवन में पत्रकारों से बात करते पार्षद विकास शर्मा। फोटो :हरिभूमि

सीवन नगर में नगर पालिका की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों और निर्माण कार्यों को लेकर एक बार फिर तीखा सियासी तूफान खड़ा हो गया है। पार्षद विकास शर्मा ने प्रेस वार्ता कर नगर पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि शहर में नियम अब कागजों तक सिमट कर रह गए हैं, जबकि जमीन पर मनमानी निर्माणों का बोलबाला है। नगर पालिका की बहुमूल्य भूमि पर जिस तरह व्यावसायिक निर्माण किए जा रहे हैं, वह प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि सुनियोजित अनदेखी का परिणाम प्रतीत होता है। बाजार क्षेत्र में जिस दुकान को लेकर विवाद सामने आया है, उसके निर्माण की शुरुआत में ही उन्होंने इसे नियम विरुद्ध बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई थी, लेकिन उनकी बात को नजरअंदाज कर दिया गया। आज वही दुकान पूरी तरह बनकर खड़ी है, जो प्रशासन की कार्यशैली पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। स्वीकृत 33 फुट की दुकान को अवैध रूप से बढ़ाकर लगभग 40 फुट तक कर दिया गया और करीब 8 फुट का रैंप भी नगर पालिका की भूमि पर बना दिया गया। इसके बावजूद न तो कोई नोटिस जारी हुआ और न ही कोई कार्रवाई की गई।


जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### महिला सशक्तीकरण पर निबंध प्रतियोगिता

**जींद।** राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर युवा सप्ताह के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रांगण में महिला सशक्तिकरण विषय पर एक भव्य निबंध प्रतियोगिता एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने की। यह आयोजन आधुनिक भारत के महान चिंतक, समाज सुधारक एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विशेषकर छात्राओं में महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ शिवानी द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है। जब तक महिलाएं शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त नहीं होंगी। तब तक समाज और देश का समग्र विकास संभव नहीं है।

# माता मनसा देवी की प्रेरणा से होगा शत चंडी महायज्ञ

- 18 से 27 जनवरी तक श्रद्धा के साथ संपन्न होगा धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी


पूंडरी। माता मनसा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान पुजारी व श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

माता मनसा देवी और मां बाला सुंदरी की पावन प्रेरणा से समस्त जन कल्याण के उद्देश्य से शत चंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम रविवार 18 जनवरी से मंगलवार 27 जनवरी तक श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम के संयोजक सुमित शर्मा, सेवक पुजारी संजीव शर्मा पुजारी व कपिल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत रविवार 18 जनवरी को प्रातः 10 बजे कलश यात्रा के साथ होगी। इसके पश्चात सोमवार 19 जनवरी को प्रातः 10 बजे मंडप प्रवेश कराया जाएगा। 19 से 27 जनवरी तक प्रतिदिन प्रातः 9.15 बजे देवी पूजन किया जाएगा, जबकि हवन प्रातः 10.15 बजे तथा सायं 3.30 बजे से 5.30 बजे तक होगा। महायज्ञ का समापन मंगलवार 27 जनवरी को दोपहर 12.15 बजे पूर्ण आहुति के साथ किया जाएगा। यह यज्ञ श्रद्धालुओं के कष्ट निवारण, ग्रह बाधाओं से मुक्ति, पारिवारिक सुख-शांति और माता लक्ष्मी के आशीर्वाद की प्राप्ति के लिए आयोजित किया जा रहा है।

# रेशनेलाइजेशन के नाम पर सहायक के 233 पदों को समाप्त करने की साजिश

- डायरेक्टर कार्यालय पर 11 फरवरी को हल्ला बोल प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। डायरेक्टर के नाम ज्ञापन भेजते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारी।

सर्व कर्मचारी संघ से सम्बंध हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन की जिला स्तरीय मीटिंग डीईओ ऑफिस में प्रधान राजपाल दूहन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसका संचालन सचिव विनिता पटवा द्वारा किया गया। मीटिंग कर 11 सूत्रीय मांगों का नोटिस अधीक्षक की मार्फत डायरेक्टर के नाम सौंपा। मांग पत्र में कहा गया कि पांच फरवरी तक मांगों का समाधान नहीं किया तो 11 फरवरी को डायरेक्टर दफ्तर पंचकुला पर हल्ला बोल प्रदर्शन तथा 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रांतीय अध्यक्ष संदीप सांगवान, महासचिव हितेंद्र सिहाग व कोषाध्यक्ष मुकेश खर्ब ने बोलते हुए कि सरकार व शिक्षा विभाग फील्ड कर्मियों का शोषण कर रही है। समस्याएं ज्यों की त्यों खड़ी है बल्कि बढ़ती ही जा रही है। प्रतिदिन तुगलकी फरमान जारी किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति व रेशनेलाइजेशन के नाम पर पहले तो स्कूल मर्ज कर बंद किया गया है। अब सहायक के 233 पदों को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है।

# एचपीएससी चेयरमैन को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त करें : हुड्डा

- लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर महिलाओं से धोखा हुआ : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा। फोटो :हरिभूमि

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने एचपीएससी अध्यक्ष के हरियाणा की युनिवर्सिटी को खराब बताने पर कहा कि यह जो उनका बयान है, इस बयान के आधार पर उन्हें बर्खास्त किया जाना चाहिए। अगर हरियाणा की युनिवर्सिटी इतनी खराब है कि बच्चों को काबिल नही बना सकती, तो शिक्षा मंत्री अपना इस्तीफा दे दें। क्योंकि 12 वर्ष से इनकी सरकार है। उसी हरियाणा की युनिवर्सिटी से निकल कर बच्चे यूपीएससी में टॉप हो रहे हैं। देश विदेश में आगे जा रहे हैं। मैने भी हरियाणा युनिवर्सिटी से पढ़ाई की और फिर फिर एमबीए में टॉप किया। सांसद दीपेंद्र हुड्डा शुक्रवार को पूर्व सांसद सुरेंद्र बरवाला के भाई के निधन पर शोक जताने के लिए जींद पहुंचे थे। यहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एचपीएससी चेयरमैन को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किया जाना चाहिए। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा यानी की बहुत झूठा प्रचार। बहुत झूठी पार्टी है। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत हरियाणा की हर महिला को 2100 रुपये देने की बात कही थी।

### यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों से पुलिस सख्ती से आएगी पेश : एसपी उपासना



**कैथल।** एसपी उपासना ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य चालान काटने का नही है बल्कि सडको पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करके आमजन की जिंदगी बचाना है। वर्ष 2025 में भी जिला पुलिस द्वारा ट्रैफिक रूल्स का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती गई और भविष्य में भी किसी प्रकार की नरमी न बरतते हुए सख्ती आगे भी जारी रहेगी। एसपी ने कहा कि पुलिस आमजन की जानमाल की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है और आमजन को भी चाहिए कि एक जिम्मेवार व समझदार नागरिक होने के नाते ट्रैफिक नियमों की पालना करके सड़क सुरक्षा के अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दे। आमजन यातायात के नियमों की पालना केवल पुलिस चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी व अपने परिवार की जिंदगी को सुरक्षित रखने के लिए करे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## एसडीएम जगदीश चंद्र ने लघु सचिवालय के सभागार में लगाया समाधान शिविर

# जनसमस्याओं का निपटान कर राहत प्रदान करना ही उद्देश्य

**नो ड्यूज सर्टिफिकेट के मामलों का यथा शीघ्र निपटान करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना


नरवाना। जनसमस्याएं सुनते हुए एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र में आने वाले प्लॉट, दुकान, मकान तथा अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से संबंधित बेबाकी प्रमाण पत्र यानी एनडीसी ;नो ड्यूज सर्टिफिकेट के मामलों का यथा शीघ्र निपटान करें और अधिकारी अपडेट रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करें। यह निर्देश एसडीएम जगदीश चंद्र ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए दिए।

एसडीएम ने कहा कि शहरवासियों से बार.बार प्लॉटए दुकान तथा अन्य जमीनी मलकियत में लंबित एनडीसी के मामले प्राप्त हो रहे हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहरवासियों की सुविधा के मध्येनजर नगर परिषद के अधिकारी फौरी तौर पर आवश्यक एवं उचित कार्यवाही करें। इसे पूर्ण गंभीरता से ले ताकि लोगों को आशापीत राहत मिल सके। एसडीएम जगदीश चंद्र ने आगे कहा कि शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी जहां निशानदेहीए इंतकाल तथा रजिस्ट्री वगैरा के मामले पेंडिंग हैए उन पर भी राजस्व विभाग के अधिकारी त्वरित कार्यवाही करें ताकि लोगों को निजी तौर पर या सार्वजनिक तौर पर सीधा लाभ मिल सके।

**पारदर्शी कार्यशैली बनाए रखें अधिकारी**

एसडीएम जगदीश चंद्र ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य जनसाधारण की समस्याओं का निपटान कर राहत प्रदान करना है। इसके अलावा यह शिविर आमजन और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संपर्क सेतू है, जहां लोगों को अपनी समस्याएं रखना और अधिकारियों को उन्हें समझने का उचित समय एवं अवसर मिलता है। अधिकारियों की पारदर्शी कार्यशैली समाधान शिविर की सार्थकता का आधार हैए इसलिए इसे बनाए रखें। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे है। ये समाधान शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक निरंतर आयोजित किये जा रहे हैं।

**ये रहे मौजूद**

समाधान शिविर में तहसील कार्यालय से सुनील कुमार, बीडीपीओ कार्यालय नरवाना व उझाना से रितु व तेजवीर एसईपीओ जन स्वास्थ्य विभाग से एसडीओ कुलदीप सिंहए सिंचाई विभाग से जेई विक्रम सिंहए नगर परिषद से जेई जसबीर सिंहए खंड वन अधिकारी संदीप कुमारए सहायक खाद्य आपूर्ति विभाग से मानवेंद्र सिंहए लोक निर्माण विभाग से जेई प्रदीप शर्मा, क्रिड से नितिन, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से सोनिया लिपिक, बिजली विभाग से जेई शमशेर सिंह,पशुपालन विभाग से मंजू रानी लिपिक आदि मौजूद रहे।